श्री कलराज मिश्र

माननीय राज्यपाल, राजस्थान का उद्‌बोधन

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय का राज्य पुरस्कार समारोह

दिनांक 12 जनवरी, 2020 समय सांय 04.00 बजे

स्थान – राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, जगतपुरा, जयपुर

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुर्वेदी जी, स्टेट चीफ कमिश्नर श्री जे.सी. महान्ति जी, स्टेट कमिश्नर (स्काउट) डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी जी, स्टेट कमिश्नर (रेंजर) श्रीमती मुग्धा सिन्हा जी, उपस्थित स्काउट–गाइड के पदाधिकारीगण, अतिथिगण, भाइयो, बहनो, पत्रकार साथियों और छायाकार बन्धुओं।

मैं स्काउट–गाइड के राज्य संरक्षक के रूप में इस राज्यस्तरीय समारोह में पहली बार शामिल हो रहा हूँ। मुझे यह जानकर बड़ी खुशी हुई है कि राजस्थान के स्काउट–गाइड का स्थान हमेशा ही पूरे देश में अग्रिम पंक्ति में रहा है। मुझे प्रदर्शनी देखकर प्रसन्नता हुई कि राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के फलस्वरूप राष्ट्रीय जम्बूरियों में राजस्थान को गत 20 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर की चीफ नेशनल कमिश्नर शील्ड लगातार मिलती रही है। वर्तमान में संख्यात्मक वृद्धि में राजस्थान महाराष्ट्र के बाद दूसरे स्थान पर है। इसके लिए आप सभी को बधाई देता हूँ।

वर्ष जनवरी, 2017 में मैसूर (कर्नाटक) में आयोजित 17वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी में राजस्थान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इस कामयाबी के गवाह पूर्व मंत्री श्री अरूण चतुर्वेदी जी है, जो स्वयं मैसूर जम्बूरी में उपस्थित रहे। स्काउट गाइड ने वहां खूब धूम मचाई और इसी का प्रदर्शन हमने आज यहां भी देखा है।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि राजस्थान स्काउट गाइड संगठन ने नशा मुक्ति, वरिष्ठजन एवं दिव्यांग की सेवा, सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भारत मिशन एवं जल स्वावलम्बन के क्षेत्र में अपनी अनुकरणीय सेवाएं दी हैं। स्काउट गाइड तो सदैव सेवा का पर्याय ही रहा हैं। यह सेवाभाव ही आपको अन्य विद्यार्थियों से अलग बनाता है।

इन सभी उपलब्धियों के लिए आप सभी को बहुत–बहुत बधाई देता हूँ और यह कामना करता हूँ कि आप सभी इसी प्रकार निरन्तर आगे बढ़ते रहें और राजस्थान का नाम रोशन करते रहें।

स्काउट गाइड संगठन का उद्देश्य बालक–बालिकाओं में पूर्ण शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक, साहस, अनुशासन एवं देश भक्ति की भावना का विकास कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनाना हैं। यह संगठन पिछले 113 साल से भी ज्यादा समय से युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी दुनिया में काम कर रहा हैं। इस संगठन के मूल उद्देश्यों में इस बात पर खास ध्यान दिया जाता है कि हमारी युवा पीढ़ी सुसंस्कारित बने। अगर बचपन से ही अच्छे संस्कारों की शिक्षा मिलेगी तो न केवल हमारा भविष्य सुधरेगा बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्ज्वल होगा। यह संगठन हमारे भीतर सेवा का भाव पैदा करता है। कठिन हालातों में भी साहस के साथ उनका मुकाबला करने की शिक्षा देता है।

हमारे प्रदेश के स्काउट–गाइड पर्यावरण के क्षेत्र में भी अपनी अग्रणी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश संगठन भारत सरकार की नेशनल ग्रीन कोर योजना को गत 18 वर्षों से प्रदेश में सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति, पिछड़ी जाति, ग्रामीण विकास, दिव्यांग, अनाथालय एवं पालनहार सहित सभी क्षेत्रों के बालक–बालिकाओं के उत्थान की दृष्टि से प्रति वर्ष विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे है।

अनूठी पहल करते हुए स्काउटस–गाइडस ने प्रदेश में अब तक लगभग 25 हजार से अधिक बालिकाओं को पुलिस विभाग के सहयोग से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इसी के साथ जिला स्तर पर आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से स्काउट–गाइड को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

राज्य में पिछले तीन वर्षों से लगातार 5 दिवसीय जनजाति स्काउट गाइड मिनी जम्बूरी का आयोजन उदयपुर में किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों से भी स्काउटस्/गाइड्स ने भाग लेकर सम्पूर्ण राष्ट्र के दूर–दराज के ग्रामीण एवं वन क्षेत्रों में रहने वाले जनजाति बच्चों ने इसमें सहभागिता कर अपनी–अपनी

परम्पराओं, सभ्यता व संस्कृति से एक दूसरे को रूबरू कराया। आज हमारे देश को ऐसे ही आयोजनों की आवश्यकता है जिससे आपसी भाईचारा व समरसता बढ़ सके।

राज्य में विशेष मेलों (खाटू श्यामजी, रामदेवरा, पुष्कर मेला, अजमेर उर्स मेला, कैलादेवी करौली, बेणेश्वर मेला, कोटा दशहरा मेला) में प्रति वर्ष हजारों की संख्या में स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग करना, सराहनीय प्रयास है।

यहां आकर आज मैंने आपकी गतिविधियों को देखा, उससे मैं प्रभावित हुआ हूँ। इसके लिए आप सब को धन्यवाद देता हूँ। सभी पुरस्कृतजनों को भी बधाई देता हूँ जिन्होंने मेहनत कर राज्य पुरस्कार प्राप्त किया है। मेरी कामना है कि अब आप राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भी मेहनत करें।

आपके बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हुई। मैं पुनः आप सबके प्रति धन्यवाद प्रकट करता हूँ और सभी स्काउट –गाइड को शुभकामनाएं देता हूँ।

धन्यवाद। जयहिन्द।